हम आए शरण तिहारी मेरी शेरोंवाली मैया

हम आए शरण तिहारी मेरी शेरोंवाली मैया,
सारे जग को रचने वाली घट घट में बसने वाली,
तेरी लीला है न्यारी मेरी शेरोंवाली मैया....

सब देवता तुम्हें ध्यावे ब्रह्माधिक पार न पावे,
सुर नर मुनि गए बलिहारी मेरी शेरोंवाली मैया,
हम आए शरण तिहारी मेरी शेरों वाली मैया.....

तू आदिशक्ति की दाता तू सबकी भाग्य विधाता,
मां सबकी पालन हारी मेरी शेरोंवाली मैया,
हम आए शरण तिहारी मेरी शेरों वाली मैया......

जय जगदंबे जगजननी हम दास आए तेरी शरणी,
तेरा नाम बड़ा सुखदाई मेरी शेरों वाली मैया,
हम आए शरण तिहारी मेरी शेरों वाली मैया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31643/title/hum-aaye-sharan-tihari-meri-sherowali-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |